लोकसभा अध्यक्ष ने 150 करोड़ कोविड वैक्सीनेशन पर देश को बधाई दी

...

देश ने छुआ कोविड वैक्सीनेशन में ऐतिहासिक पड़ाव:लोकसभा अध्यक्ष

...

नई दिल्ली, 7 जनवरी, 2022: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने 150 करोड़ कोविड वैक्सीनेशन पर देश को बधाई दी है।

150 करोड़ कोविड वैक्सीनेशन को ऐतिहासिक पड़ाव बताते हुए श्री बिरला ने कहा कि भारत में चल रहे विश्व के सबसे बड़े वैक्सीनशन अभियान में यह बड़ी उपलब्धि है।

सभी फ्रंटलाइन वर्करों, केंद्र एवं राज्य सरकारों और देशवासियों को साधुवाद देते हुए श्री बिरला ने चेताया कि कोविड के खिलाफ जंग अभी जारी है। उन्होंने कहा कि हम इस युद्ध को तब जीतेंगे जब प्रत्येक व्यक्ति वैक्सीनेटेड होगा। उन्होंने लोगों से आग्रह किया की सभी अपना वैक्सीनेशन जरूर करवाएं

उन्होंने कहा कि कोविड के मामले एक बार पुनः बढ़ने लगे हैं । इसलिए सभी को कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवियर की पालना करनी चाहिए।